27607

No. of Printed Pages : 4

ES-211

CERTIFICATE IN PRIMARY CURRICULUM AND INSTRUCTION (CPC)
Module 2 of DPE

Term-End Examination

June, 2010

ES-211 : TEACHING-LEARNING IN PRIMARY SCHOOLS

Time : 3 hours *Maximum Weightage : 70%*

Note : (i) *All the* ***four*** *questions are* ***compulsory.***

(ii) *All questions carry* ***equal*** *weightage.*

1. Answer the following question in about **600** words :

Explain the nature and concept of teaching. Discuss relationship of teaching and learning giving suitable examples from your classroom situations.

OR

What do you mean by child development ? Describe cognitive development of learners. Suggest some activities you would like to organise for effective cognitive development.

2. Answer the following question in about **600** words :

Explain the meaning and nature of individual differences at primary level. Discuss educational implications of individual differences.

OR

Discuss any three teaching skills that facilitate pupils participation in the classroom. Support your answer with some suitable examples.

3. Answer *any four* of the following in **150** words each :

(a) Explain the need for teaching and learning in small groups.

(b) Explain the advantage of peer tutoring in primary schools.

(c) Explain teacher's role in facilitating pupil participation.

(d) What do you mean by pupil evaluation ? Explain drawbacks of pupil evaluation system at primary level.

(e) Explain the meaning and nature of narration as a teaching skill.

(f) Differentiate between teacher made test and standardized tests.

(g) Explain the concept of cooperative learning.

4. Answer the following question in about **600** words :

If you have been assigned a class of 50 students for an academic session. Besides teaching, you have to look after the classroom management as well. What strategies you would like to follow to manage learning and order in the classroom ? Illustrate your answer with suitable examples from your own experience.

प्राथमिक पाठ्यचर्या एवं अनुदेशन में प्रमाण-पत्र (सी.पी.सी.)

डी.पी.ई. का मॉड्यूल 2

सत्रांत परीक्षा

जून, 2010

ई.एस. - 211 : प्राथमिक विद्यालय स्तर पर अध्यापन-अधिगम

समय : 3 घण्टे *अधिकतम भारिता : 70%*

नोट : *(i) सभी (**चारों**) प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii) सभी प्रश्नों की **भारिता समान** है।*

1. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :

शिक्षण के स्वरूप और संकल्पना की स्पष्ट जानकारी दीजिए। अपनी कक्षा स्थितियों से उपयुक्त उदाहरण देते हुए शिक्षण और अधिगम के संबंध की चर्चा कीजिए।

अथवा

बाल विकास से आपका क्या अभिप्राय है? विद्यार्थियों के संज्ञानात्मक विकास का वर्णन कीजिए। कुछ ऐसी क्रियाओं का सुझाव दीजिए जिन्हें आप प्रभावी संज्ञानात्मक विकास के लिए आयोजित करना चाहेंगे।

2. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :

प्राथमिक स्तर पर व्यक्तिगत भिन्नताओं के अर्थ और स्वरूप को स्पष्ट कीजिए। व्यक्तिगत भिन्नताओं के शैक्षिक निहितार्थों की चर्चा कीजिए।

अथवा

कक्षा में विद्यार्थियों की सहभागिता को सुगम बनाने वाले किन्हीं तीन शिक्षण कौशलों की चर्चा कीजिए। उपयुक्त उदाहरणों द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

3. निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक उत्तर लगभग **150** शब्दों में होना चाहिए :

(a) लघु समूहों में शिक्षण और अधिगम की आवश्यकता की समीक्षा कीजिए।

(b) प्राथमिक विद्यालयों में समकक्ष अध्यापन के लाभ की समीक्षा कीजिए।

(c) विद्यार्थी सहभागिता को सुगम बनाने में शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

(d) विद्यार्थी मूल्यांकन से क्या अभिप्राय है? प्राथमिक स्तर पर विद्यार्थी मूल्यांकन प्रणाली की कमियों की विवेचना कीजिए।

(e) शिक्षण कौशल के रूप में आख्यान (कथन) के अर्थ और स्वरूप की जानकारी दीजिए।

(f) शिक्षक निर्मित परीक्षण और मानकीकृत परीक्षण के बीच अंतर बताइए।

(g) सहयोगात्मक अधिगम की संकल्पना को स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :

यदि एक शैक्षिक सत्र के लिए 50 विद्यार्थियों की एक कक्षा आपके सुपुर्द की गई है। जिसमें आपको अध्यापन के अलावा कक्षा प्रबंधन को भी देखना है तो कक्षा में अधिगम और व्यवस्था के प्रबंधन के लिए आप किन कार्यनीतियों का पालन करना चाहेंगे? अपने खुद के अनुभव से उपयुक्त उदाहरण देते हुए अपने उत्तर को स्पष्ट कीजिए।